सामाजिक कार्यकर्ता ओम प्रकाश के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते सीएम।



## संक्षिप्त समाचार

### नशीले कैप्सूल के साथ आरोपी गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। पुलिस उपमहानिरीक्षक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद देहरादून में नशे को जड़ से समाप्त करने के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सदर के दिशा निर्देश में प्रभारी निरीक्षक पटेलनगर द्वारा गठित टीम ने चैकिंग अभियान के दौरान होटल दून कैलिस्ता के पास अभियुक्त शमशाद पुत्र खुर्शीद निवासी लोहिया नगर ब्रह्मपुरी थाना पटेल नगर उम्र 29 वर्ष को 4200 नशीले कैप्सूल प्रतिबंधित के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना पटेलनगर पर एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### जनहित की समस्याओं को लेकर सीएम पोर्टल पर की शिकायत

देहरादून **संवाददाता**। मुख्य राजपुर रोड में सचिवालय और जिलाधिकारी आवास के निकट, पिछले कई दिनों से 4 स्थानों पर खुदी सड़क दुर्घटनाओं को दावत दे रही है। दो स्थानों पर स्मार्ट योजना और दो स्थानों पर पानी की लाइन हेतु सड़क खोदी गयी। सड़क खोदने के बाद उसे दुरुस्त करने की जिम्मेदारी तय होनी चाहिये। जिम्मेदार सभी तक समस्या पहुंचाने के बाद भी जब जमीनी कार्यवाही नजर नहीं आयी तो विवश हो सीएम पोर्टल ही एकमात्र विकल्प बचा। हालांकि यहां भी देवभूमि जनसेवा ग्रुप द्वारा दर्ज करवाये गये, अधिकतर मामले महीनों से लंबित पड़े हुवे हैं। लेकिन, उम्मीद बनी हुई है।

### छपाक को लेकर पुलिस अलर्ट

देहरादून **संवाददाता**। वालीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की फिल्म छपाक के रिलीज होते ही उसका विरोध भी शुरू हो गया है। एसिड अटैक की भूमिका पर बनी इस फिल्म का विरोध दीपिका के जेएनयू में छात्र प्रदर्शन में शामिल होने के कारण हो रहा है। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण जेएनयू में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों के समर्थन में जेएनयू पहुंची थी तभी से वह विरोधियों के निशाने पर आ गयी है।

### कांग्रेस ने स्व. राजीव गांधी पर दिए गए सीएम के बयान की निंदा की

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के द्वारा दिये गये बयान की कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए कहा कि स्व. राजीव गांधी ने अपने प्रधानमंत्री काल में प्राणों की आहूति इस देश के लिए दे दी ऐसे दिवंगत देश के पूर्व प्रधानमंत्रियों के लिए कहे गये अपशब्द सीएम की मानसिकता को उजागर करते है।

# 19 महाविद्यालयों के कार्य अपूर्ण, 31 मार्च तक पूर्ण करें

**बैठक**

■ उच्च शिक्षा राज्य मंत्री धन सिंह रावत ने ली उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

**संवाददाता**

देहरादून। उच्च शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ0 धन सिंह रावत ने विधान सभा स्थित कार्यालय कक्ष में उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की। शासन स्तर की समीक्षा में डॉ0 धन सिंह रावत ने निर्देश दिया कि 19 महाविद्यालयों के कार्य अपूर्ण हैं, सम्बन्धित अपूर्ण कार्य 31 मार्च, 2020 तक पूर्ण कर लिया जाए।

इस संबंध में सचिव उच्च शिक्षा को निर्देश दिया कि महाविद्यालयों के प्राचार्यों, नियोजन विभाग एवं वित्त विभाग की एक बैठक बुला ली जाए। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में 877 पदों के लिए अधियाचन भेजा गया था। न्यायालय का रास्ता खुलने के बाद रिक्त पदों पर शीघ्र नियमित एसिस्टेंड प्रोफेसरों की नियुक्ति कर दी जायेगी।



उच्च शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ0 धन सिंह रावत उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक लेते हुए।

बैठक में कहा गया कि जिन महाविद्यालयों में पद स्वीकृत हैं, किन्तु छात्र नहीं हैं उन पदों को आवश्यकतानुसार अन्य महाविद्यालयों में भेजा जाए। इसके अलावा 17 महाविद्यालयों में स्ववित्त पोषित गवर्निंग बॉडी की बैठक भी आयोजित करने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर सचिव उच्च शिक्षा अशोक कुमार, संयुक्त सचिव एम.एन. सेमवाल और संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा कुमकुम रौंतेला इत्यादि अधिकारी मौजूद थे।

### सामाजिक कार्यकर्ता ओम प्रकाश को श्रद्धांजलि अर्पित की

देहरादून **संवाददाता**। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शुक्रवार को जोगीवाला स्थित स्थानीय फार्म हाउस में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता स्व. ओम प्रकाश की शोक सभा में प्रतिभाग किया एवं उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि स्व. ओम प्रकाश अपने जीवन में सदैव सामाजिक कार्यों में संलग्न रहे, गाँवों अथवा किसानों की बात हो या फिर मजदूरों की बात हो उनके लिए वो सदैव संघर्षरत रहे। न केवल देहरादून में बल्कि उत्तर प्रदेश में भी वो लगातार अपने मजदूर साथियों के लिए संघर्ष करते रहे। वो अपनी विचारधारा के प्रति प्रतिबद्ध थे, उन्होंने कभी भी अपनी विचारधारा से समझौता नही किया।

# ट्रैफिक समस्याओं को लेकर कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल डीआईजी से मिला

**भेंट**

**संवाददाता**

महानगर की कानून व्यवस्था तथा यातायात व्यवस्था में काफी सुधार हुआ

देहरादून। महानगर कांग्रेस के पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमण्डल ने महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा के नेतृत्व में पुलिस उप महानिरीक्षक अरूण मोहन से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें पुलिस उपमहानिरीक्षक बनाये जाने पर बधाई दी तथा दून की ट्रैफिक समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके समाधान का अनुरोध किया। कांग्रेस प्रतिनिधिमण्डल ने कहा कि देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रहते हुए उनके कुशल प्रशासन में महानगर की कानून व्यवस्था तथा यातायात व्यवस्था में काफी सुधार हुआ। मुलाकात के दौरान महानगर कांग्रेसजनों ने देहरादून महानगर में संचालित ई–रिक्षा के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए कहा कि प्रशासन की रोक के कारण शहरी क्षेत्रों में ई–रिक्षा का संचालन नहीं हो पा रहा है तथा आंतरिक मार्गों पर ई–रिक्षा का संचालक नहीं हो पा रहा है जिससे ई–रिक्षा संचालकों के सामने रोज–रोटी का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि कई आंतरिक मार्गों पर ई–रिक्षा के संचालन की अनुमति नहीं दी गई है इस हेतु इन मार्गों पर भी रिक्षा संचालन की अनुमति प्रदान की जाय जिससे इन क्षेत्रों के लोगों को यातायात की सुविधा उपलध हो सके।

महानगर कांग्रेस प्रतिनिधिमण्डल ने देहरादून के विभिन्न चौराहों जिनमें बिन्दाल चौक, किषन नगर चौक, दर्शनलाल चौक, घण्टाघर, तहसील चौक, सहारनपुर चौक पर लगने वाले लम्बे–लम्बे जाम की स्थिति से भी उन्हें अवगत कराते हुए ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रूप से व्यवस्थित करने पर भी विचार विमर्ष किया। कांग्रेस प्रतिनिधिमण्डल ने खुली सड़कों पर ई–रिक्षा के संचालन की अनुमति दिये जाने का भी अनुरोध किया।

## राजमार्ग बाधित करने वालों के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान



सड़क बाधित करने वालों के खिलाफ अभियान चलाती पुलिस।

देहरादून। राष्ट्रीय राजमार्ग को बाधित करने, असुरक्षित दशा में वाहन खड़ा करना, नो पार्किंग में वाहन खड़ा करना आदि बिंदुओं को मद्देनजर रखते हुए चौकी ढालवाला और टिहरी गढ़वाल ट्रैफिक पुलिस इंटरसेप्टर ने संयुक्त अभियान चलाया।

प्रभारी निरीक्षक थाना मुनी की रेती के के नेतृत्व में गठित टीम चौकी प्रभारी ढालवाला उप निरीक्षक विनोद कुमार और ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर अनिल नेगी के द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर राष्ट्रीय राजमार्ग को बाधित करने वाले दुकानदारों ठेली वालों राष्ट्रीय राजमार्ग पर असुरक्षित दशा में वाहन खड़ा करने वाले वाहन स्वामियों पर पुलिस एक्ट में 7 चालान कर रुपए 70000– वसूल किए। साथ ही अतिक्रमण करने वाली ठेलियों से पुलिस एक्ट में 18 चालान कर 4500– वसूल किए और असुरक्षित दशा में वाहन को खड़ा करने वाले पांच वाहन के कोर्ट में चालान कर और नकद संयोजन में 10 चालान कर 5000–वसूल किए। चौकी प्रभारी ढालवाला उप निरीक्षक विनोद शर्मा ने बताया कि भविष्य में समय–समय पर ऐसे संयुक्त अभियान चलाए जाएंगे ताकि राष्ट्रीय राजमार्ग को बाधित करने वाले व्यक्तियों पर शिकंजा कसा जा सके।

### ऑनलाइन सैक्स रैकेट का भंडाफोड़, तीन महिलाओं सहित छह लोग गिरफ्तार

देहरादून **संवाददाता**। तीर्थनगरी ऋषिकेश में चल रहे सैक्स रैकेट का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने तीन महिलाओं सहित छह लोगों गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने हजारों की नगदी, मोबाइल फोन व सैक्स वर्धक दवाएं भी बरामद की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती देर रात कोतवाली ऋषिकेश व एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल को सूचना मिली कि गुमानीवाला चीनी गोदाम रोड में एक मकान पर कुछ दिनों से देह व्यापार व्यापार चल रहा है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने उक्त स्थान को चेक किया तो उसे सामने से एक सेन्ट्रो कार आती हुई दिखाई दी। पुलिस ने जब उस कार को रोकना चाहा तो कार चालक व साथ बैठी महिला कार छोड़कर भागने लगे, जिस पर उन्हें घेर कर रोका गया। पूछताछ में उसने अपना नाम नारायण पाल पुत्र कलम सिंह निवासी उत्तरकाशी बताया।

### उत्तराखंड यंग लीडर्स कॉन्क्लेव में सेवा, संवाद और संकल्प होंगे मूल मंत्र

**संवाददाता** देहरादून। स्वामी विवेकानंद जी की 157वीं जयंती के अवसर पर, उत्तराखंड सरकार द्वारा उत्तराखंड यंग लीडर्स कॉन्क्लेव, 2020 का आयोजन ओएनजीसी ऑडिटोरियम, देहरादून में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के निर्देश पर आयोजित हो रहे दो दिवसीय कार्यक्रम में राज्य और राष्ट्र के चारों ओर से आये हुए युवा और नवोदित बुद्धिजीवी वर्ग प्रतिभाग करेंगे।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।